





नवभारत
सतना, गुरुवार, 04 दिसम्बर 2025


# सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का संतुष्टि से निराकरण करें : पीके पाण्डेय

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 3 दिसम्बर, मऊगंज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों तथा टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा की.**

अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी 50 दिन से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों तथा चालू माह में दर्ज प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें. समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सभी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तीन दिवस में पूरा करें. खाद्य विभाग, पीएचई विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा ऊर्जा विभाग के अधिकारी लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें. अपर कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी क्षेत्र भ्रमण के दौरान धान खरीदी केन्द्रों और उचित मूल्य दुकानों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करें. अस्पताल, आंगनवाड़ी केन्द्र और स्कूलों का भी निरीक्षण करके व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें.

अपर कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य 90 प्रतिशत पूरा गया है. दोनों विधानसभा क्षेत्रों मऊगंज और देवतालाब में तीन दिवस में शत-प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाइजेशन पूरा करें. शेष बचे हुए अनमैप्ड और छूटे हुए मतदाताओं की जानकारी शत-प्रतिशत दर्ज कराएं. निर्वाचन आयोग द्वारा गहन पुनरीक्षण के लिए 11 दिसम्बर तक समय बढ़ा दिया गया है. डिजिटाइजेशन के लिए अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें. बैठक में अपर कलेक्टर ने कहा कि उप संचालक कृषि और जिला प्रबंधक सहकारी बैंक खाद का नियमित वितरण कराएं. जिले में विपणन केन्द्रों तथा सहकारी समितियों को पर्याप्त खाद प्राप्त हो रही है. इसके वितरण की सतत निगरानी करें. किसानों को खाद लेते समय किसी भी तरह की परेशानी न हो. सभी अधिकारी ई आफिस के माध्यम से फाइलों का संचालन करें. फाइलों के क्रियेशन और मूवमेंट पर ध्यान दें. बैठक में अपर कलेक्टर ने निर्देश दिये.

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया खरीदी केन्द्रों तथा उप जेल का निरीक्षण

## खरीदी को लेकर बनाए गए 34 केन्द्र, 22500 किसानों ने धान उपार्जन के लिए पंजीयन कराया

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 3 दिसम्बर, मऊगंज जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन शुरू हो गया है. कलेक्टर संजय कुमार जैन तथा पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने धान खरीदी केन्द्र बहुती, पहाड़ी एवं हनुमना का निरीक्षण किया.**



इन अधिकारियों ने दूरस्थ अंचल में स्थित मुनिहाई खरीदी केन्द्र का भी निरीक्षण किया. इसके बाद कलेक्टर ने एसडीएम कार्यालय मऊगंज, उप जेल मऊगंज तथा कृषि उपज मण्डी का भी निरीक्षण किया. कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र में किसानों से संवाद कर उपार्जन के संबंध में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली. कलेक्टर ने समिति प्रबंधक तथा खरीदी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के लिए छाया-पानी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करें, दिन में भी पर्याप्त ठंड रहती है. शाम के समय खरीदी केन्द्र में अलाव जलवाएं. किसानों से उपार्जित धान को सुरक्षित भण्डारित कराएं तथा समय पर परिवहन कराएं. किसानों को उपार्जित धान का तीन दिन में भुगतान सुनिश्चित करें. खरीदी केन्द्र में तौल-कांटे बारदाने, हम्माल तथा धान को साफ करने के लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था करें. कलेक्टर ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि खरीदी केन्द्र में सूखी हुई और साफ-सुथरी धान लेकर आएं. धान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के बाद ही उसका उपार्जन होगा. किसान अपनी सुविधा से स्लाट बुक करके खरीदी केन्द्र में धान दे सकते हैं.

मऊगंज जिले में धान उपार्जन के लिए 34 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं. जिले में 22500 किसानों ने धान उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है. जिले में तीन दिसम्बर तक 7320 किसानों ने 11 खरीदी केन्द्रों में धान बेचने के लिए स्लाट बुक किए हैं. राजस्व अधिकारी तथा कृषि विभाग के अधिकारी खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करके व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं. उल्लेखनीय है कि धान की खरीदी शुरू हो गई है. जिले में खरीदी को लेकर 34 केन्द्र बनाये गये है.

पंजीयन कराने वाले किसान खरीदी केन्द्रो में धान लेकर पहुंच रहे है. हालाकि अभी कम मात्रा में धान खरीदी केन्द्रो में पहुंच रही है. इस समय किसान गेंहू की बुवाई में लगे हुए है. एक सप्ताह बाद खरीदी केन्द्रो में भीड़ ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है.

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया जल संरचनाओं का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 3 दिसम्बर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान धान उपार्जन केन्द्रों तथा ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों का निरीक्षण किया.**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मऊगंज जिले में सीतापुर तथा मिसिरगवां में जल संरक्षण के कार्यों का निरीक्षण किया. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि वाटरशेड मिशन के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के प्रयासों को गति दें. अमृत सरोवर में इस वर्ष अच्छी मात्रा जल संचित है. इनके आसपास उपयुक्त क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया जा सकता है. छोटे किसानों को सब्जी और मसाले की खेती के लिए भी प्रोत्साहित करें. जिन तालाबों में आठ महीने से अधिक तक पानी रहता है उनमें सहकारी समितियों के माध्यम से मछलीपालन कराएं. मछली पालन कम लागत में अधिक लाभ देता है. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने नेटशेड नर्सरी, गैवियन निर्माण तथा रिचार्ज पिट निर्माण का भी निरीक्षण किया. परियोजना अधिकारी जिला पंचायत डॉ संजय सिंह मौजूद रहे.

# आपकी पूंजी आपका अधिकार कैंप कल

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 3 दिसम्बर, जिले में माह अक्टूबर से माह दिसंबर तक आपकी पूंजी आपका अधिकार कैंप का आयोजन किया जा रहा है.**

भारतीय रिजर्व बैंक एवं एसएलबीसी भोपाल से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जिले में 5 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में सुबह 12:00 बजे कैंप आयोजित किया जा रहा है. जिसमें सभी बैंकों द्वारा अपनी सहभागिता प्रदान की जाएगी एवं उनके काउंटर कैंप में लगाए जाएंगे शहर के नागरिकों का बैंक खातों से संबंधित समस्या का समाधान कैंप में किया जाएगा कार्यक्रम में कलेक्टर, एलडीएम, सीईओ, सीएमओ, क्षेत्रीय प्रबंधक, जिला विकास प्रबंधक की विशेष उपस्थिति में संपन्न होगा.

# महादेवन जंगल में लड़की की लाश मिलने से मचा हड़ंप

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 3 दिसम्बर, जिले के लौंर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़वा के आदसराई स्थित महादेवन इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब ग्रामीणों ने जंगल के पास एक लड़की की सड़ी-गली लाश पड़ी देखी.**

बताया जा रहा है कि यह लाश करीब 10 दिन पुरानी है और शव की हालत बेहद खराब हो चुकी है. महादेवन का इलाका पिकनिक स्पॉट के रूप में जाना जाता है, जहां रोज कई लोग आते-जाते हैं, लेकिन किसी ने भी इस लाश पर पहले ध्यान नहीं दिया. सुबह जब ग्रामीणों ने बदबू आने पर आसपास तलाश की तो झाड़ियों के बीच उन्हें यह लाश दिखाई दी. लाश मिलने की खबर जैसे ही गांव में फैली, पूरे इलाके में हड़कंप मच गयाऔर लोग तरह-तरह की आशंकाएं जताने लगे घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर लास को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा.

# स्वास्थ्य शिविर में 40 मरीजों का हुआ स्वास्थ परीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 3 दिसम्बर, इंजी. ( स्मृति शेष ) संजय गुप्ता की याद में गठित समिति संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान गुढ़ द्वारा माह की प्रत्येक तीन तारीख को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व उपलब्ध दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया जाता है.**



इसी तारतम्य में 24वाँ नि:शुल्क शिविर 03 दिसंबर बुधवार को स्वामी विवेकानंद क्लीनिक गुढ़ में 40 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण ,जांच और नि:शुल्क दवाईयों का वितरण किया गया. स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता,डॉ. आरती गुप्ता,डॉ. आकांक्षा गुप्ता एवं डॉ.साक्षी गुप्ता द्वारा किया गया.




गीता जयंती महोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि

# शिखर सम्मान में सम्मानित किए किए जाएंगे रामलखन गुप्त

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट, 3 दिसम्बर, मध्य प्रदेश की सीमा से लगे तीर्थराज प्रयाग की पावन धरती पर 'पं0 हेरम्ब मिश्र-स्मृति पत्रकारिता-संस्थान', प्रयागराज की ओर से मूर्द्धन्य पत्रकार-लेखक पं0 हेरम्ब मिश्र की स्मृति मे उनकी पुण्यतिथि 17 दिसम्बर के अवसर पर सम्मान समारोह होगा.**



प्रतिवर्ष पत्रकारिता/मीडिया, साहित्य एवं युवा-पत्रकारिता के क्षेत्रों मे दिये जानेवाले शिखर-सम्मानो के लिए सम्बन्धित क्षेत्रों मे उल्लेखनीय अवदान करनेवाले विशिष्ट हस्ताक्षरों का चयन कर लिया गया है. संयोजक, व्याकरणवेत्ता एवं भाषाविज्ञानी आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय नेसूचना दी है कि इस वर्ष पं0 हेरम्ब मिश्र की पच्चीसवीं पुण्यतिथि है, इसलिए इस बार दो पत्रकारों का सम्मान किया जायेगा. 74 वर्षीय पत्रकार राकेश कुमार और 63 वर्षीय रामलखन गुप्त, 47 वर्षीय पंकज श्रीवास्तव 'युवा-मीडिया शिखर-सम्मान से सुशोभित किये जायेगे. उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त विशिष्टजन का चयन करने के लिए एक त्रिसदस्यीय चयन-समिति गठित की गयी थी, जिसमे वरिष्ठ पत्रकार शरद द्विवेदी, संस्थान के निदेशक बंशीधर मिश्र एवं आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय सम्मिलित थे. आयोजन समिति की ओर से मिली जानकारी के अनुसार उक्त आयोजन हिन्दी साहित्य सम्मेलन के पीछेवाले हिस्से मण्डपम-सभागार से लगे लघु सभागार मे आगामी 17 दिसम्बर को अपराह्ण 1बजे से प्रारम्भ होगा.

# गीता जयंती महोत्सव में नहीं पहुंचे अधिकारी

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 3 दिसम्बर, नगर परिषद हनुमना के अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता के मुख्य आतिथ्य तथा सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर आर शुक्ला की अध्यक्षता गीता जयंती महोत्सव मनाया गया.**

अवकाश प्राप्त प्राचार्य डॉ रघुवंश प्रसाद शुक्ला के विशिष्ट आतिथ्य व सेठ बिहारी लाल संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में भले ही कार्यक्रम विधिवत संपन्न हो गया हो. लेकिन विकासखंड स्तरीय इस कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरभि श्रीवास्तव द्वारा कार्यालयीन पत्र जारी कर समस्त अधिकारी कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों से सेठ रघुनाथ साथ महाविद्यालय परिसर हनुमना में आयोजित सामूहिक कार्यक्रम में भाग लेने की अपील व निर्देश दिए गए थे. बावजूद इसके ना तो स्वयं मुख्य कार्यपालन अधिकारी इस कार्यक्रम में पहुंची न ही कोई जिम्मेदार प्रशासनिकअधिकारी व कर्मचारी न ही नगर परिषद अध्यक्ष के अतिरिक्त कोई अन्य जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में सहभागी होना अपना कर्तव्य समझा जबकि मध्य प्रदेश शासन की ओर से स्पष्ट निर्देश दिए गए थे की गीता जयंती समारोह 2025 को बड़े ही धूमधाम के साथ समस्त प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ ही गणमान्य नागरिकों व विशिष्ट जनों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए. मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता सनातन धर्म व संस्कृति का मुख्य आधार है अर्जुन को माध्यमबनाकर भगवान श्री कृष्णने मानव मात्र को जो ब्रह्म ज्ञान दिया युगों युगों तक रहेगा.



संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कुलसचिव का स्वागत

# संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 3 दिसम्बर, उच्च शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन एपीएसयू स्टेडियम में यूटीडी के आयोजकत्व मे किया गया.**

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपना दम खम दिखाया. शानदार प्रदर्शन किया. सुबह से लेकर शाम तक प्रतियोगिता चली. खिलाडियों का छात्रों ने उत्साह वर्धन किया. प्रतियोगिता में संभाग के सभी जिलो की टीमों ने प्रतिभाग किया. शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि विवि के कुलसचिव डॉ.सुरेन्द्र सिंह परिहार मौजूद रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के शरीरिक शिक्षा विभाग के संचालक डॉ.रामभूषण मिश्रा द्वारा की गई. मुख्य अतिथि प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि मानव जीवन में खेल की भूमिका अहम है, खेल से अनुशासन की सिख मिलती है व शरीर स्वस्थ रहता है. उन्होने कहा कि खेल भी एक विद्या है और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चो के लिए अपार संभावनाए है. अध्यक्षता कर रहे संचालक डॉ.रामभूषण मिश्रा ने प्रतियोगिता के आयोजन संबंध में विस्तृत जानकारी उपस्थित अतिथियों को दी गई. उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा. प्रतियोगिता का समापन आज गुरुवार को किया जाएगा. प्रतियोगिता के दौरान वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ.हबीब खान, डॉ.राजेश भारती, डॉ.रावेन्द्र सिंह, डॉ.विजय सिंह, डॉ.शिल्पा शर्मा, डॉ.सुनीता सिंह, डॉ.उपेन्द्र द्विवेदी, डॉ.विपिन वर्मा सहित संभाग भर के क्रीड़ा अधिकारी व खिलाड़ी सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे प्रतियोगिता में 1500 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में पंकज पटेल शासकीय कॉलेज हनुमना प्रथम, धीरेन्द्र यादव शा.रामपुर नैकिन कॉलेज द्वितीय व विनीत यादव शासकीय कॉलेज मऊगंज तृतीय स्थान पर रहे, वहीं महिला वर्ग में ज्योति सिंह गर्ल्स कॉलेज सतना प्रथम, पुष्पांजलि सेन मऊगंज द्वितीय व रेनू केवट मैहर तृतीय स्थान पर रही. शॉट पुट पुरुष में प्रशांत सिंह प्रथम, गनेश सिंह द्वितीय व विवेक सिंह तृतीय स्थान पर रहे, महिला में मुस्कान ड्क्षसंह प्रथम, विधि पांडेय द्वितीय व पुष्पा सिंह तृतीय स्थान पर रही. लांग जंप महिला में अलका सिंह प्रथम, अर्म्रिता शुक्ला द्वितीय व प्रिया सिंह तृतीय स्थान पर रहीं. पुरुष वर्ग में संदीप सिंह प्रथम, अमन सिंह द्वितीय व गौरव तिवारी तृतीय स्थान रहे. 100 मीटर दौड़ महिला में राधा साकेत प्रथम, तनु गौतम द्वितीय व अम्रिता सिंह तृतीय स्थान रही. पुरूष वर्ग में मुकेश यादव प्रथम, मुकेश गुप्ता द्वितीय व शुभम पांडेय तृतीय स्थान पर रहे. डिसकस थ्रो में लक्ष्मी साकेत प्रथम, प्रतिज्ञा कोरी द्वितीय व मंजुला साकेत तृतीय स्थान पर रही. इसके अलावा भी अन्य प्रतियोगिताओं में खिलाडियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया.

# साप्ताहिक जनसुनवाई में एसपी ने किया नागरिकों से सीधा संवाद

## त्वरित न्याय और पुलिस-जन विश्वास बहाली की मुहिम

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 3 दिसम्बर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी में मंगलवार, 02 दिसंबर 2025 को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम ने आम नागरिकों और पुलिस प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित किया गया ।**

पारदर्शिता और शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने स्वयं नागरिकों से भेंट कर उनकी शिकायतों को सुना और मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश दिए। ?इस महत्वपूर्ण पहल में, जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विविध समस्याओं को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। पुलिस प्रशासन ने भूमि विवादों, पारिवारिक कलह, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी और अन्य गंभीर आपराधिक मामलों से संबंधित शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लिया।

महिला-संबंधी प्रकरणों के त्वरित और न्यायसंगत समाधान के लिए विशेष निर्देश दिए गए। कई मामलों में, सुनवाई के दौरान ही संबंधित थाना प्रभारियों को निष्पक्ष जांच शुरू करने और आवश्यक कानूनी कदम उठाने के लिए मौखिक आदेश जारी किए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रीता त्रिपाठी, थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी और थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी जुड़े रहे।

### परिणाम और उद्देश्य

सीधी पुलिस की यह जन-उन्मुख पहल जनता की आवाज़ को सीधे पुलिस अधीक्षक तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनी है, जिससे आपसी विश्वास और पारदर्शिता को अभूतपूर्व मजबूती मिली है। यह कार्यक्रम त्वरित समस्या निवारण और न्याय के प्रति नागरिकों के विश्वास को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस एवं निर्णायक कदम सिद्ध हुआ है।

# धान के अवैध परिवहन एवं उपार्जन को रोकने चेक पोस्ट पर दल तैनात

## खाद्यान्न का अवैध परिवहन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही करें

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 दिसम्बर । कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा जिले में धान के अवैध परिवहन और उपार्जन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर कर्मचारियों को तैनात किया गया है, ताकि अन्य राज्यों छत्तीसगढ़ एवं उत्तर प्रदेश से आने वाले वाहनों की जांच की जा सके और अवैध धान की परिवहन पर शत-प्रतिशत अंकुश लगाया जा सके।**



कलेक्टर ने अवैध धान के परिवहन एवं उपार्जन की निगरानी के लिए बैढ़न से बीजपुर मार्ग वन बैरियर बलसोता मथुरा सिंह धुर्वे, यशपाल सिंह वनरक्षक, समयलाल यादव स्थायीकर्मी वन विभाग, बैढ़न से सूरजपुर एवं बिहारपुर मार्ग वन बैरियर झांझी बनबारी लाल कार्यवाहक वनपाल, नारेन्द्र सिंह, बैढ़न से शक्तिनगर मार्ग वन बैरियर जयंत मो. फरियाद खान, आशुतोष कुमार वनरक्षक, मोरवा से अनपरा मार्ग वन बैरियर खनहना विनोद कुमार सिंह , सच्चितानंद पाण्डेय स्थायी कर्मी वन विभाग, बैढन से शक्तिनगर मार्ग वन बैरियर तेलगवां विनायक द्विवेदी वनरक्षक, मो. समसाद स्थायी कर्मी, कैलाश प्रसाद को नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने माड़ा से रामगढ़, छत्तीसगढ़ वन बैरियर बिन्दूल में जयप्रसाद पनिका वनरक्षक, अजय पाल सिंह वनरक्षक को तैनात किया है। वही चितरंगी से घोरावल वन बैरियर चितावल संजीव कुमार गौतम, सुरेश प्रजापित कार्यवाहक वनपाल, गोविन्द सिंह कार्यवाहक वनपाल को तैनात करते हुये उपरोक्त कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वन विभाग के स्थापित चेकपोस्ट में उपस्थित रह कर जिले में राज्य के बाहर से धान एवं मोटा अनाज का अवैध परिवहन करने वाले वाहनो का प्रवेश न हो यह सुनिश्चित करेगें। खाद्यान्न का परिवहन करने वाले व्यक्तियों एवं वाहनो की जानकारी पंजी मे संधारित करेंगे।

अवैध परिवहन पाये जाने की सूचना संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं संबंधित थाना को तत्काल देंगे। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खाद्यान्न का अवैध परिवहन पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।